हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 20 जुलाई 2025

06 सतवास पुलिस का खुलासा: जंगल, पहाड़ और नालों …



09 संपूर्ण समाधान दिवस में पर शिकायतों का निस्तारण…





## खबर संक्षेप

### उर्वरकों के जिले से बाहर जाने पर प्रतिबंध लगाया

**सीहोर।** जिले में उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने एव कृषकों को समय पर आवश्यक मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराने की दृष्टिगत रखते हुये जिले में उपलब्ध उर्वरकों का जिले से बाहर अनियमित रूप से लेजाने पर प्रतिबंध। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास ने उर्वरक नियंत्रण के तहत आदेश पारित किया जाता है। उप संचालक कृषि जानकारी दी कि जिले में पंजीकृत समस्त उर्वरक अनुज्ञप्ति धारी विक्रेता किसी भी प्रकार जिले की राजस्व सीमा के बाहर उर्वरकों का निर्यात (स्थानातरण) पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। किसी विशेष परिस्थिति में उर्वरकों का जिले से बाहर स्थानांतरण आवश्यकता उत्पन्न होती है, तो संबंधित विक्रेता द्वारा उपसंचालक कृषि, सीहोर से पूर्व स्वीकृति प्राप्त किया जाना अनिवार्य होगा।

### पेंशनर्स कभी भी जीवन प्रमाण पत्र दे सकेंगे

**सीहोर।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) में पेंशनरों को दी जाने वाली सुविधाओं में एक नई सुविधा शामिल की गई है। ईपीएफ के दायरे में आने वाले रिटायर्ड कर्मचारी अब साल भर में कभी भी जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। अभी तक साल भर में सिर्फ एक बार नवंबर में जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने की सुविधा थी।

### छह अगस्त को निकाली जाएगी भव्य कांवड़ यात्रा

**सीहोर।** इस साल भी शहर के सीवन नदी के तट से लेकर सुबह और शाम को कांवड़िया दिख रहे हैं। इसके अलावा कांवड़ यात्रा को लेकर भी तैयारियां शुरू हो गई हैं। वहीं क्षेत्रवासियों, जिला प्रशासन और विठलेश सेवा समिति द्वारा आगामी छह अगस्त को निकाली जाने भव्य कांवड यात्रा को लेकर विशेष तैयारियां की जा रही है। देश के इतिहास में शहर में निकाली जाने वाली कांवड यात्रा में लाखों की संख्या में कांवड यात्री शामिल होते है। अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में आगामी प्रदोष काल में निकाली जाने वाली इस कांवड यात्रा में पूरे देश भर के श्रद्धालु शामिल रहेंगे। सीवन नदी तट से कुबेरेश्वरधाम तक जाने वाली भव्य कावड़ यात्रा को लेकर धाम से लगे आधा दर्जन से अधिक ग्रामों के ग्रामीणों की एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। कावड़ यात्रा अपने आप में एक भव्य यात्रा रहेगी। इसमें लाखों की संख्या में कांवड़िए शामिल होंगे। भगवा कपड़े पहने भक्तों के कंधे पर कांवड़ होगी। बोलबम के नारे के साथ कावड़िए शहर की जीवनदायनी सीवन नदी के तट पर पहुंचकर उसके पश्चात जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर पहुंचेंगे।

जैन आराधना भवन में चल रहे प्रवचन सुनने उमड़ रहे समाजजन

# धर्म के प्रति श्रद्धा नहीं होगी तो साधना कभी आराधना नहीं बन सकती: रत्ननिधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

संसार में उत्तम से उत्तम आत्मा कोई है तो वहां परमात्मा की है, हम हमारे अनंत उपकारी परमात्मा को भूल रहे हैं अरिहंत परमात्मा के गुणों को अपने जीवन में उतारकर आत्मा के कल्याण के लिए धर्म आराधना करें। धर्म के कोई भागीदार नहीं होते , जबकी धन के कई भागीदार बन जाएंगे। धर्म आत्मा की रक्षा करता है, जबकी धन की रक्षा हमें करना होती है। जीवन में जो धर्म , त्याग , तपस्या की है उसका फल हमें ही प्राप्त होगा।

उक्त विचार जैन आराधना भवन में चातुर्मास हेतु विराजित रत्ननिधि ने प्रवचन के दौरान समाजजनों के समक्ष व्यक्त किए। साध्वीजी ने कहाकि मृत्यु उन्हीं की सार्थक होती है, जो साधना करके मृत्यु को प्राप्त करते हैं। साधना - आराधना करने वालों को कभी मृत्यु का भय नहीं रहता है। अरिहंत की साधना - आराधना करते-करते हम भी एक दिन अरिहंत को प्राप्त कर सकते हैं। लेकिन इसके लिए हमें पुरुषार्थ करना पड़ेगा। बिना पुरुषार्थ हमें सिद्धि की प्राप्ति नहीं हो सकती। अरिहंत की साधना - आराधना करने का पुरुषार्थ कर इस जीवन को सार्थक करना है।




साध्वीजी ने कहा कि धर्म के प्रति श्रद्धा के भाव नहीं होंगे तो जीवन में कितनी ही साधना कर लो वह कभी भी आराधना नही बन सकती है। आत्मा के निकट पहुचने का समय चातुर्मास का समय ही होता है। जब हम हमारी आत्मा के कल्याण के लिए धर्म आराधना कर इस जन्म - मरण के चक्कर से मुक्ति पा सकते है। जिसने धर्म आराधना नही की उनका जीवन ऐसे ही व्यर्थ जा रहा है। साध्वीजी ने कहा कि सच्चा सुख प्राप्त करना है तो हमारा धर्म के प्रति श्रद्धाभाव व अनुराग होना चाहिए। धर्म करने से ही सच्चा सुख प्राप्त हो सकता है। अनन्त जन्म के पुण्योदय से हमें यह जिनवाणी सुनने का मौका मिलता है।

परमात्मा के हृदय में सभी प्राणी मात्र के प्रति प्रेम, दया, करुणा, मैत्री, वात्सल्य के भाव रहते हैं। उन्होंने कहा कि चारों ओर से आने वालों वाले संकटों व मुसीबतों का सामना करना उसी का नाम है परिषा। इस जीवन में कर्म कब उदय में आएंगे हमें पता ही नहीं होगा। साध्वीजी ने कहा कि व्यक्ति पर जब अहंकार का भूत सवार हो जाता है तो वहां क्रोध रूपी अग्नि में प्रवेश कर जाता है। आवेश (क्रोध) में हमारे अंदर का जो खून है वहां विष में परिवर्तित हो जाता है। यदि ऐसे व्यक्ति का ब्लड स्वस्थ जीव को चढ़ा दिया जाता है तो वहां उसके जीवन के लिए घातक हो जाता है। क्योंकि क्रोध में हमारा खून विषैला हो जाता है। माता को गुस्से में कभी बच्चों को दुग्धपान नहीं करवाना चाहिए वहां उसके लिए विष के समान काम करेगा। उन्होंने कहा कि अहंकार हमें कहां से कहां तक पहुंचा देता है, वहीं आवेश का भूत भी हमें कहां से कहां पहुंचा देते हैं। क्रोध आने पर दर्पण के सामने जाकर हमें अपने स्वरूप को देखना चाहिए कि हम गुस्से (क्रोध) में कैसे लगते हैं।

जो कार्य व व्यवहार हमें अपने लिए पसंद नहीं वह हम दूसरों के लिए नहीं करें। तभी आपका यह जीवन सार्थक होगा। यदि हम प्रतिदिन 5 मिनट बैठकर भी अपने द्वारा किसी के प्रति किए गए दुर्व्यवहार या गलत कामों के लिए पश्चाताप करने लगेंगे तो सम्यकत्व का बीज हमारे भीतर अंकुरित होने लग जाएगा। उन्होंने कहा कि व्यक्ति यदि सुधर जाता है तो समाज सुधर जाएगा। समाज यदि सुधर जाता है तो देश सुधर जाता है तथा देश यदि सुधर जाता है तो पूरा राष्ट्र ही सुधर जाता है।

# अज्ञात कारणों के चलते युवक ने लगाई फांसी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कानड़

शनिवार सुबह कानड़ नगर के वार्ड 14 सती मोहल्ले में उस समय सनसनी फैल गई जब एक युवक के अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या करने की खबर मिली। जानकारी के अनुसार 23 वर्षीय राहुल पिता महेश गोस्वामी ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लागाकर अपनी जीवन लीला समाप्त करली। युवक माता-पिता के साथ ही निवास करता था।

घटना शनिवार सुबह लगभग 7 बजे की है, जब परिजनों ने राहुल के कमरे का दरवाज़ा खटखटाया और भीतर से कोई जवाब नहीं मिलने पर जब दरवाज़ा खोला गया, तो राहुल पंखे से लटका मिला। यह दृश्य देख परिजनों की चीखें निकल पड़ीं। पड़ोसी तुरंत मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी गई। राहुल का शव परिजनों ने पंखे से रस्सी काट कर नीचे उतारा। सूचना मिलते ही कानड़ थाना प्रभारी आर.के. दांगी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मौके का पंचनामा कार्रवाई की तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए शासकीय अस्पताल भिजवाया।

### पारिवारिक कलह बन सकती है कारण

थाना प्रभारी आर.के. दांगी ने बताया कि राहुल की पत्नी इन दिनों मायके में रह रही हे, और दोनों के बीच विगत दिनों आपसी विवाद भी हुआ था ऐसी जानकारी प्राप्त हुई है। मृतक के मोबाइल व कमरे की तलाशी ली गई है। फिल हाल कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रथम दृष्टया यह पारिवारिक विवाद के चलते आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। राहुल हमेशा नम्रता से बात करता था, किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। कल रात तक वह बिल्कुल सामान्य था। उसकी मृत्यु से मोहल्ले में शोक की लहर है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। यदि परिवार की ओर से कोई संदेह या शिकायत आती है, तो मामले में जांच को आगे बढ़ाया जाएगा।

# प्राइवेट स्कूलों की किताबों के नाम पर लूट अभिभावकों की जेब पर दिन दहाड़े डाका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

शिक्षा सत्र 2025-26 की शुरुआत 1 जुलाई से हो चुकी है। शिक्षा के इस पावन क्षेत्र को कुछ शिक्षा माफियाओं ने खुला व्यापार बना दिया है। इन माफियाओं के स्कूलों की नर्सरी से लेकर कक्षा 12 तक की प्राइवेट किताबे हजारों रुपये की खरीदने पर अभिभावक मजबूर हो चुके है तो कुछ अब हो रहे है जो शासन के निर्देश और नीति दोनों की खुली अवहेलना है।

### शासन के आदेशों की उड़ रही धज्जियां

शासन ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सभी शासकीय और निजी विद्यालयों में एनसीईआरटी की किताबें ही पढ़ाई जाएंगी ताकि शिक्षा की गुणवत्ता और समानता सुनिश्चित हो सके। लेकिन नगर के अधिकांश प्राइवेट स्कूल इस आदेश को नजरअंदाज कर अपने स्वार्थ के चलते निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें थोप रहे हैं। इसका सीधा खामियाजा अभिभावकों को भुगतना पड़ रहा है। सूत्रों के अनुसार विकासखंड में संचालित अधिकांश प्राइवेट स्कूलों ने अपने पसंदीदा प्रकाशकों की किताबें चयनित कर उनकी सूची दुकानदारों को दे रखी हैं। इन किताबों की कीमत 600 रुपये से शुरू होकर 2500 रुपये तक जाती है। बड़ी कक्षाओं में भी 1000 से 1500 रुपये की प्राइवेट किताबें लगाई गई हैं। बताया जा रहा है कि इन पुस्तकों पर स्कूल संचालकों को सीधे प्रकाशकों से मोटा कमीशन मिलता है जो कि करोड़ों के खेल को जन्म दे रहा है। कई अभिभावकों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि वे शिकायत करने से डरते हैं क्योंकि उन्हें आशंका है कि ऐसा करने पर उनके बच्चों के साथ भेदभाव किया जा सकता है। अलग अलग अभिभावकों ने बताया कि यूकेजी कक्षा का कोर्स 2350 रुपये में आया। कक्षा तीसरी का कोर्स 2320 रुपये में आया तो किसी ने बताया कि कक्षा 6टी का कोर्स 2140 रुपये का आया है जबकि इन कक्षाओं के एनसीईआरटी की किताबों का कोर्स 350 से 450 रुपये तक का ही है। उन्होंने मीडिया के माध्यम से शासन-प्रशासन से मांग की है कि इस लूट पर अंकुश लगाकर शिक्षा के नाम पर हो रही इस व्यापारिक ठगी को रोका जाए।

### जांच करवाई लेकिन नहीं हुई कार्यवाही

इस शिक्षा सत्र के प्रारम्भ में ही शिक्षा विभाग के स्थानीय अधिकारियों को मिली इस प्रकार की शिकायतों के बाद विभाग द्वारा स्कूलों के स्थान पर दुकानों की जांच करवाई थी लेकिन उसके बाद आज तक कोई कार्यवाही नही हुई है। अब यहाँ सवाल यह उठता है कि विभाग द्वारा कमीशनखोरी का गोरखधंधा करने वाले स्कूलों के स्थान पर दुकानों की जांच क्यों करवाई और दुकानों की जांच में कोई गड़बड़ी निकली तो उन पर कार्यवाही क्यों नही की गई। लगता है कि शिक्षा को व्यापार बना चुके शिक्षा माफियाओं से विभगीय अधिकारियों की भी मिलीभगत हो सकती है जिसके चलते उन्हें अभिभावकों को लूटने की खुली छूट दे रखी है।

### कलेक्टर से न्याय की उम्मीद

विकासखंड के कई अभिभावकों ने मीडिया के माध्यम से जिले के कलेक्टर राघवेंद्र सिंह से न्याय की उम्मीद लगाई है कि वे इस गंभीर मुद्दे पर संज्ञान लेकर ठोस कार्रवाई करेंगे। अब देखना यह है कि क्या प्रशासन प्राइवेट स्कूलों को पुस्तकों की बिक्री वापस करवाने पर मजबूर करेगा या फिर यह मामला भी जांच और रिपोर्ट के नाम पर ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा। शिक्षा को सेवा के स्थान पर व्यवसाय बना देने वाले ऐसे शिक्षा माफियाओं पर सख्त कार्यवाही जरूरी है। केवल निर्देशों और आदेशों से नहीं बल्कि धरातल पर उतरकर इस लूट को रोकना होगा ताकि आमजन को न्याय मिल सके और शिक्षा पुनः अपने मूल उद्देश्य की ओर लौट सके।

### किताबों के नाम पर करोड़ों की उगाही

विकासखंड में संचालित प्रायवेट स्कूलों में हजारों छात्र-छात्राएं पढ़ाई कर रहे हैं। इनमें से कई स्कूलों में निजी प्रकाशकों की पुस्तकें अनिवार्य कर दी गई हैं। जिनकी खरीदी पर सम्बंधित स्कूल संचालकों को मोटा कमीशन मिल रहा है यदि सभी को जोड़ा जाए तो यह आंकड़ा करोड़ो रूपये में भी जा सकता है। इन शिक्षा माफियाओं के लिए शिक्षा का क्षेत्र एक करोड़ों रुपये का कमीशन कारोबार बन चुका है जिसमें शिक्षा की जगह सिर्फ मुनाफा देखा जा रहा है।

### इनका कहना है

मैं अभी नया नया डीईओ बना हूं मेरे संज्ञान में मप्र शासन का ऐसा कोई आदेश नहीं है जिसमें यह लिखा हो कि एनसीईआरटी की ही पुस्तकें चलेंगी। ऐसा आदेश संज्ञान में आने पर संबंधित स्कूलों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

**एमके जाटव,** जिला शिक्षा अधिकारी, आगर मालवा

### जिले में 449.7 मिलीमीटर औसत बारिश दर्ज

**सीहोर।** जिले में बीते 24 घंटे में सुबह 8 बजे तक 4.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केंद्र सीहोर में 1.2, मिलीमीटर, श्यामपुर में 0, आष्टा में 0, जावर में 8, इछावर में 0, भैरून्दा में 9, बुधनी में 11.7, रेहटी में 9.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में 01 जून से 18 जुलाई को सुबह 8 बजे तक 449.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 313 मिलीमीटर थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1148.4 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से 18 जुलाई 2025 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 413.3, मिलीमीटर, श्यामपुर में 405.3, आष्टा में 287 मिमी दर्ज की गई है।

# ब्रह्मानंद यादव को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई

**नलखेड़ा।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर केशवकुंज में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में विद्या भारती महाकौशल प्रांत के पूर्व संगठन मंत्री समाजसेवी एवं शिक्षक-प्रेरक ब्रह्मानंद यादव को समस्त आचार्य परिवार भैया-बहनों एवं समिति पदाधिकारियों द्वारा भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। शनिवार को आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित सभी जनों ने मौन वंदन पुष्पांजलि एवं स्मरण विचारों के माध्यम से स्व ब्रह्मानंद यादव के त्यागमयी राष्ट्रसेवी और शिक्षाप्रद जीवन को श्रद्धा से नमन किया। इस मौके पर नलखेड़ा शिक्षण समिति के अध्यक्ष अरविंद सिंघवी, कोषाध्यक्ष गोविंद वेदिया, किशन नाथ, पवन चतुर्वेदी, संस्था प्राचार्य ईश्वर सोलंकी उपस्थित थे।



# एक सप्ताह पूर्व लापता नाबालिग का अब तक नहीं चला कोई पता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

एक सप्ताह पूर्व नगर के रामपुरा निवासी एक नाबालिग लापता हुई थी जिसका आज तक कोई पता नही लगा है। नाबालिग के माता पिता का पूर्व में ही निधन हो चुका है। मामले में पुलिस द्वारा उसकी बड़ी बहन की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार नगर के रामपुरा मोहल्ला निवासी एक नाबालिग गत 12 जुलाई से घर से लापता है वह घर से निकली तब एक बैग में अपने पहनने के कपड़े भी ले गई थी। 17 वर्षीय नाबालिग जोकि कक्षा 11वीं तक पढ़ी है लापता होने के पूर्व 5-6 दिनों से नगर की ही एक दुकान पर काम करने लगी थी। जिसके द्वारा एक दिन पूर्व दुकान मालिक से अगले दिन देर से आने का बोला था लेकिन वह उसके बाद दुकान पर भी नही पहुंची। पांच भाई बहनों में चौथे नंबर की नाबालिग की बड़ी बहन की शादी हो चुकी है दूसरे नंबर की बहिन नगर के एक निजी स्कूल के शिक्षक है। तीसरे नंबर पर भाई है और सबसे छोटी एक बहिन है। फरियादी ने बताया कि मेरी बहिन की तलाश बड़ी बहिन के यहाँ व नलखेड़ा में भी सभी दूर की जा चुकी है। अभी तक कोई पता नही लगा है।

### इनका कहना है

नाबालिग की गुमशुदगी दर्ज हुई है जिसकी पुलिस द्वारा तलाश की जा रही है।

**नागेश यादव,** थाना प्रभारी, पुलिस थाना नलखेड़ा

# देव पूजा से बड़ी है दान पूजा : मुनि विवर्धनसागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

मनुष्य जन्म मिलने के बाद यदि जीवन में कभी किसी को अपने हाथों से दान नहीं दिया है तो उन्हें कभी भविष्य में भोगने को भी पदार्थ नहीं मिलता। आज हमारे पास बंगला गाड़ी और अच्छे वस्त्र आदि यह सब दान का फल है। जिन्होंने सुपात्रों को दान दिया है उन्होंने ही स्वर्ग पथ प्राप्त किया है। देव पूजा से भी बड़ी होती है दान पूजा।

स्थानीय दिगंबर जैन समाज में इस वर्ष चातुर्मास हेतु विराजित मुनिश्री विवर्धन सागर महाराज व मुनिश्री विश्व नायक महाराज ने अपने प्रवचन के दौरान यह बात कही। मुनिश्री ने कहाकि श्रावक का मुख्य कर्तव्य होता है, दान और पूजा। पूजा मनुष्य को पूज्य बनाती है, प्रतिष्ठा दिलवाती है। दान भोग को प्रदान करने में सहयोग करता है। इसीलिए आज वर्तमान में मनुष्य जितना सुखी दिखाई देता है और प्रतिष्ठा को प्राप्त हुआ है, उसका एक





ही कारण है दान और पूजा।

संसार में ऐसे भी लोग हैं जो दिन भर मेहनत करके भी दो रोटी के लिए मोहताज हो जाते हैं। और ऐसे भी लोग हैं जो दिन भर बैठे रहते हैं फिर भी उन्हें किसी वस्तु की कमी नहीं है। यह सब दान का प्रभाव है। संसार में ऐसे भी लोग हैं जिन्हें लोग अपमानित करते हैं और ऐसे भी लोग हैं जिन्हें संसार पूजता है कारण उन्होंने कभी अपने से बड़ों की पूजा की होगी। घर में उसी बेटे का महत्व होता है, उसी बेटे को सम्मान मिलता है, जो अपने पिता का सम्मान करता है। राम ने अपने जीवन में पिता का बहुत सम्मान किया तो आज पूरा जगत भगवान राम की पूजा करता है। इसीलिए हमेशा प्रतिदिन दान और पूजा करके अपने श्रावक के कर्तव्य का पालन करते हुए अपने मनुष्य भव को सार्थक करें।

देव पूजा से भी बड़ी है दान पूजा, उसके बाद ही, करें काम दूजा। फिर सोचें क्यों बड़ी कही गई है दान पूजा ? आगम में दान तीर्थ की चर्चा पहले आती है, धर्म तीर्थ की बाद में। दान तीर्थ की उत्पत्ति महाराज श्रेयांश द्वारा अक्षय तृतीया के दिन भगवान आदिनाथ को दिए गए आहार से हुई थी। केवल ज्ञानी, तीर्थंकर आदि के उपदेश की बात बाद में हुई थी। दान-दान में फर्क है। दान से स्वर्ग और दान से नरक है। आगम में दान को मोक्ष का कारण कहा है। दानियों से ही स्वर्ग क्षेत्र लहा है। क्योंकि दान संतो और श्रावकों को मोक्ष की स्थिति साथ-साथ बनाता है। आहार दान देने या दिलाने या देखने मात्र से श्रावक मोक्ष पथगामी बन जाता है। जिन्होंने सुपात्रों को दान दिया है, उन्होंने ने ही स्वर्ग पथ प्राप्त किया है। कुपात्र वाला भव-भव भटका है। धर्म कर भी राह में अटका है।

गुदरावन की शिव महापुराण कथा में पं.आशीष शर्मा दे रहे प्रवचन

# महामृत्युंजय 5 लाख जप से प्रत्यक्ष दर्शन देते हैं भगवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

भक्ति, ज्ञान और वैरागी का संगम ही शिव महापुराण है। जिसमें सात संहिता है। हमें भोजन और भजन में मात्रा का अंतर समझना चाहिए भोजन सीमित करें और भजन असीमित मात्रा में करें। कथा श्रवण करने के लिए आए हैं तो भाग्य एवं बुद्धि शुद्ध करके कथा सुनना चाहिए।

ग्राम गुदरावन में चल रही शिव महापुराण कथा के द्वितीय दिवस पर उपस्थित श्रद्धालु भक्तों को कथा का रसपान करवाते हुए पंडित आशीष शर्मा बांसखेड़ी द्वारा यहां विचार व्यक्त किये। ग्राम गुदरावन में शिव महापुराण कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। प्रथम दिवस के अवसर पर शिव महापुराण का महत्व बताते हुए शिव महापुराण से परिचय कराते हुए बताया की शिव महापुराण की रचना भगवान शिव के द्वारा की गई।






शनिवार को कथा के दौरान पंडित शर्मा ने बताया कि देवराज का उद्धार शिव महापुराण कथा सुनने मात्र से हुआ। यह महापुराण प्रज्ञा की त्रिवेणी गंगा, जमुना, सरस्वती के तट से हुई। जिसमें 100000 श्लोक थे पर इतना बड़ा ग्रंथ होने से इसे 24000 हजार श्लोक में लिखा गया। जिसमें भक्ति, ज्ञान, और वैरागी का संगम शिव महापुराण है। जिसमें सात संहिता है हमें भोजन और भजन में मात्रा का अंतर समझना चाहिए। भोजन सीमित करें और भजन असीमित मात्रा में करें।

पंडित शर्मा ने कहा कि हम यदि कथा में कथा का श्रवण करने के लिए आते हैं तो भाग्य एवं बुद्धि शुद्ध करके कथा सुनना चाहिए। उन्होंने बताया कि ब्रह्माजी के पांच मुख थे ब्रह्माजी द्वारा झूठ बोलने पर उनका एक मुख काट दिया गया जो बद्रीनारायण में ब्रह्म कृपालु में गिरा व अग्नि स्तंभ के रूप में भगवान शिव प्रकट हुए। इसलिए उनके प्रकट दिवस पर हम शिवरात्रि मानते हैं। पं. शर्मा ने बताया कि 5 लाख महामृत्युंजय मंत्र का जाप करने पर भगवान प्रत्यक्ष रूप से दर्शन देते हैं, पुत्र चाहने वाले 100000 महामृत्युंजय का जाप करें। अच्छी फसल प्राप्ति हेतु कनेर के फूल से भगवान शिव का पूजन करें तथा शत्रु नाश के लिए सरसों के फूल से भगवान शिव की पूजा करें। कथा के मुख्य जजमान बद्रीलाल चौधरी थे। कथा प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 4 बजे पाटीदार धर्मशाला गुदरावन में हो रही है। शनिवार को कथा में भक्त महानुभावों ने कथा का अमृत पान किया। कथा विश्राम पर आरती कर प्रसादी का वितरण किया गया।

खबर संक्षेप

## वन विभाग ने पैंगोलिन का रेस्क्यू किया



**देवास।** 17 जुलाई को शाम ग्राम अमोना टोकखुर्द के तुलसीराम पिता अम्बाराम द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि मेरे घर पर विचित्र प्रकार का जानवर आ गया है। सूचना पर वन मंडल अधिकारी अमित सिंह चौहान के आदेश से एवं उपवन मंडल अधिकारी एसके शुक्ला व वन परिक्षेत्र अधिकारी राजेश चौहान के निर्देशन में रेस्क्यू प्रभारी हेमराज गोखले, वन्यजीव रेस्क्यू एक्सपर्ट राजेश चौहान, अंकित मंडलोई दिनेश चौधरी, मनीष परमार, परिक्षेत्र सहायक टोंकखुर्द हेमराज गोखले, टोंकखुर्द बीट गार्ड मनोज मंडलोई द्वारा मौके पर पहुंच कर एक पैंगोलिन नर का सुरक्षित रेस्क्यू कर वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश अनुसार वन्य जीव को प्राकृतिक आवास वन क्षेत्र में सुरक्षित छोड़ दिया गया।

## शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों पर लगाया जुर्माना

**देवास।** पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के निर्देशानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) एचएन बाथम के मार्गदर्शन में सड़क हादसों को कम करने और लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए यातायात पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत अब तक शराब पीकर वाहन चलाने वाले 23 चालकों के खिलाफ कार्यवाही की गई है। इनमें से 14 चालकों को न्यायालय द्वारा कुल 1,88,500 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इसके अलावा, नियमों का उल्लंघन करने वाले 14 चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित करने की सिफारिश जिला परिवहन अधिकारी को भेजी गई है। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा ताकि आम नागरिकों को सुरक्षित और सुविधाजनक यातायात व्यवस्था मिल सके।

### सतवास,कांटाफोड़, खातेगांव सहित अन्य जिलों से चोरी गई मोटरसाइकिल जब्त

# सतवास पुलिस का खुलासा: जंगल, पहाड़ और नालों से निकाली चोरी की 15 बाइकें

अन्तर्राज्यीय गिरोह का खुलासा, 2 आरोपियों को किया गिरफ्तार, 15 मोटर साइकिल जप्त।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




एसपी पुनीत गेहलोद द्वारा लगातार चोरी हो रहे वाहनों का पता लगाकर उन्हे जप्त कर उक्त गतिविधियों में संलिप्त आरोपियो पर सख्त कार्यवाही हेतू निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में गुरुवार को सतवास थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि दो संदिग्ध व्यक्ति अलग-अलग मोटरसाइकिलों पर मुहाई जागीर फाटा सतवास के पास आ रहे हैं। जिस पर तत्काल एएसपी (ग्रामीण) सौम्या जैन के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सतवास निरीक्षक बी.डी.बीरा के नेतृत्व में उक्त स्थान पर वाहन चैकिंग की जा रही थी इसी दौरान मुखबिर द्वारा बताये हुलिये के दो व्यक्ति अलग अलग मोटर सायकल से आते हुये दिखे। जिन्हे रोककर पुलिस अभिरक्षा में लेकर प्रारंभिक पूछताछ करने पर अपना नाम सुकराम उर्फ कालु पिता ज्ञान सिंह डोडवे उम्र 31 साल एवं मकराम पिता झब्बर सिंह डोडवे उम्र 25 साल निवासीगण बजरंग गढ थाना बागली जिला देवास का होना बताया।

जिनसे मोटर साइकिल के संबंध मे पुछने पर आनाकानी करने लगे एवं मोटर साइकिलों के चेचिस नम्बर व इंजन नम्बर चैक करने पर एक मोटर साइकिल हीरो होण्डा डिलक्स लाल रंग की इंजन न. HA11EMJ9J10807 एवं चेचिस न. MBLHA7156J9J11426 अनुसार मोटर साइकिल का रजिस्ट्रेशन न. MP-41-NB-6752 होना पाया गया एवं दुसरी मोटर साइकिल एचएफ डिलक्स ग्रे रंग की जिस पर हरे व सफेद रंग के पट्टे बने है के इंजन न. HA11ENK9G11742 व चेचिस न. MBLHAW022K9G05899 अनुसार रजिस्ट्रेशन न. MP-41-NF-1884 होना पाया गया। उक्त दोनो मोटर साइकिलो पर थाना सतवास अन्तर्गत अप.क्र.280/25 व 281/25 धारा 303(2) बीएनएस के पंजीबद्ध है। आरोपियों को गिरफ्तार कर सख्ती से पूछताछ करने पर उनके द्वारा 13 अन्य मोटर साइकिल की चोरी करना बताया। उक्त चुराई गई मोटर साइकिले आरोपियो द्वारा पहाडो,पानी भरे गहरे गड्डो व नदी नालो के पास जंगल झाडियों मे छुपा कर रखी थी। जिन्हे आरोपियो के बताये अनुसार स्थान पर जाकर बड़ी मशक्कत से पुलिस द्वारा जप्त किया जाकर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।पुलिस ने सुकराम उर्फ कालु पिता ज्ञान सिंह डोडवे जाति भील उम्र 31 साल निवासी बजरंग गढ थाना बागली औरमकराम पिता झब्बर सिंह डोडवे जाति भील उम्र 25 साल निवासी बजरंग गढ थाना बागली को गिरफ्तार किया।उक्त कार्यवाई में थाना प्रभारी सतवास भगवान दास बीरा,उनि सरदार मण्डलोई, विजय जाट,प्रआर गणेश



रावत,प्रआर रवि राव जाधव,गंगाराम,रवि गरोडा,सुनिल देथलिया, विजय भंवर,मप्रआर भानु गौर,आर राजेन्द्र,अनिल,जयदेव,दिव्य,घनश्याम,राहुल,मआर कामिनी,अंजली,सैनिक खुबीराम एवं प्रआर रामवीर सिंह सोलंकी थाना कांटाफोड़ की सराहनीय भूमिका रही।

# सूने घरों में घुसकर चोरी करती थी महिला गैंग

कचरा बिनने के बहाने करते थी रेकी



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

एक महिला गैंग लंबे समय से क्षेत्र में सक्रिय नजर आ रही थी, जो कि लोहा लंगर भंगार बिनने के बहाने दिन भर गांवों में घूमती फिरती रहती है, और मौका देखकर सूने घरों एवं अन्य कहीं भी उपयोगी सामान देखते ही चोरी की वारदात को अंजाम देकर फरार हो जाती थी। उक्त महिला गैंग ने गुरुवार के दिन चापड़ा नगर के यादव मोहल्ले में एक सुने बाड़े में चोरी की घटना को अंजाम दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने महिलाओं को पुलिस के हवाले कर दिया था।

जानकारी के अनुसार पारदी महिला एवं पुरुष पन्नी एवं कचरा बिनते रेकी कर करते सुने स्थान से चोरी की वारदात को अंजाम देते हैं। पुलिस ने चोरी करने वाली महिलाओं को पकड़कर उनके पास से चोरी का मशरुका भी बरामद किया गया है। पुलिस थाना कमलापुर प्रभारी उपेंद्र नाहर, पुलिस सहायता केंद्र प्रभारी राकेश नरवरिया ने बताया कि उक्त मामले में महिला पुरुष सहित 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी रेशरान पिता तरसराज पारदी उम्र 21 नि. मेला ग्राउंड हाटपीपल्या, विजेन्द्र पिता अजमनसिंह पारदी उम्र 32 साल सदर, विजेन्द्रसिंह पिता अजमनसिंह पारदी उम्र 32 साल सदर ,रामअवतार पिता राजपाल अहीर उम्र 29 साल नि. सज्जन सिंह कालोनी बावड़िया,पुष्पेन्द्र पिता अजमनसिंह पारदी उम्र 21 साल नि. सदर, रेमान पिता नजौबसिंह पारदी उम्र 45 साल नि. ग्राम मुदीखेड़ी जिला सीहोर, फरिश्ता पिता विजेन्द्र पारदी उम्र 30 नि. सदर, लाइकी बाई पति रामअवतार यादव उम्र 30 साल नि. सदर, संजाबाई पति रोशन पंवार पारदी उम्र 22 नि. सदर, सिंगलता पति दरसराज पारदी उम्र 23 साल नि. सदर, रूबी पति पुष्पेन्द्र पारदी उम्र 19 साल नि सदर, कौशल्याबाई पति अजमनसिंह पारदी उम्र 52 नि. सदर , अविशना पति रेशरान पारदी उम्र 20 साल नि. सदर को गिरफ्तार किया गया है।

बताया जाता है कि महिलाएं अपने साथ नाबालिक बच्चों को भी रखती है, जब उन्हें कोई पकड़ लेता है तो छोटे बच्चों को आगे कर देती है, और कहती है कि बच्चे गलती से सामान ले आए हैं। लेकिन इस बार गैंग की एक न चली और धर्मेंद्र यादव की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर सभी आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। उक्त कार्यवाही मे सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी उपेन्द्र नाहर ,उप निरीक्षक राकेश नरवरिया, प्रआर सचिन कश्यप, प्रआर सत्यप्रकाश मिश्रा, विवेक, बलराम परमार का सराहनीय योगदान रहा है।

## नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत लोगों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

नशा मुक्ति जनजागरूकता के लिए नशे से दूरी है जरूरी अभियान 30 जुलाई तक चलाया जा रहा है। कलेक्टर ऋतुराज सिंह एवं पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के निर्देशन में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में अभियान के तहत उदयनगर थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरी में थाना प्रभारी सुनीता कटारे व्दारा जन चौपाल आयोजित की गई एवं नशा मुक्ति के लिए शपथ दिलाई। इस दौरान साइबर फ्रॉड एवं वाहन लिमिट स्पीड में चलाने की समझाईश दी गई। नशे से होने वाले दुष्परिणाम एवं समाज पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी गई। थाना प्रभारी सुनीता कटारे व्दारा नशे से होने वाले मानसिक, शारीरिक और सामाजिक दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया। जिले के समस्त नागरिकों, युवाओं, अभिभावकों, शिक्षकों एवं सामाजिक संगठनों से अपील है कि वे इस अभियान में सक्रिय सहभागिता करें, अपने परिवार और समाज को नशे के दुष्प्रभावों से जागरूक किया।




## कलेक्टर ने सीएसआर मद से सौंपा 2 लाख का चेक

**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह की उपस्थिति में मेसर्स सनफार्मा लेबोरेट्रीज द्वारा औद्योगिक क्षेत्र क्रमांक-1 में 12 हजार 500 पौधों का मियावाकी पद्धति से पौधारोपण किया गया। साथ ही कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने जिले के खिलाडियों को प्रोत्साहित करने के लिए खिलाडी कुमारी लक्षिता लश्करी को जंपरोप के लिए एकल प्रतियोगिता जापान में भाग लेने के लिए मेसर्स इफका लेबोरेट्रीज द्वारा सीएसआर मद से दिये गये 02 लाख रूपये का चेक सौंपा। मियावाकी पद्धति से पौधारोपण के दौरान कलेक्टर सिंह ने कहा कि पौधारोपण एक प्रेरणादायी कार्य है।

# प्राचार्य ने किया शासकीय स्कूलों का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



शिक्षा सत्र प्रारंभ हुए एक माह से अधिक समय बीत चुका है लेकिन ग्रामीण अंचल में संचालित होने वाले शासकीय स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रही। साथ ही स्कूलों में पदस्थ शिक्षक- शिक्षिकाएं भी बिना किसी सूचना के विद्यालय से अनुपस्थित रहते हैं, जिसके कारण स्कूल में आने वाले बच्चों की पढ़ाई की प्रभावित हो रही है।

शनिवार के दिन चापडा संकुल प्राचार्य बहादुर सिंह बदुरिया एवं जन शिक्षक काशीराम भोनदिया द्वारा संकुल अंतर्गत आने वाले शासकीय स्कूलों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान प्राचार्य द्वारा प्राथमिक विद्यालय लक्ष्मी नगर, गुराडिया कला एवं एकीकृत शाला गुराडिया कला में शैक्षणिक व्यवस्था का अवलोकन किया गया। साथ ही मध्याह्न भोजन का भी निरीक्षण करते हुए बच्चों के साथ बैठकर भोजन किया जहां पर स्थिति अच्छी पाई गई। इसी दौरान एकीकृत शाला भमौरी का भी निरीक्षण किया गया, जहां पर शिक्षा व्यवस्था बदहाल पाई गई। साथ ही एक शिक्षक एवं एक शिक्षका बिना किसी सूचना के विद्यालय में अनुपस्थित पाए गए।

बहादुर सिंह ने बताया कि निरीक्षण के दौरान एकीकृत शाला भमोरी के शिक्षक एवं शिक्षिका को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है, क्योंकि यहां की शिकायत लगातार मिल रही थी, कि यहां पर पदस्थ शिक्षक शिक्षिकाएं नियम अनुसार विद्यालय नहीं आ रहे हैं। जिसके कारण बच्चों की पढ़ाई प्रवाहित हो रही है। साथ ही समय से पहले ही शिक्षक शिक्षिकाएं विद्यालय छोड़कर चले जाते हैं। बहादुर सिंह ने बताया कि लगातार क्षेत्र में स्कूलों का निरीक्षण किया जाएगा। सख्त निर्देश है कि नियम अनुसार स्कूल का संचालन करना है यदि कोई लापरवाही करता है तो उसके खिलाफ कार्य की जाएगी।

# हरदा में निर्दोष बालिकाओं पर लाठीचार्ज के विरोध में करणी सेना ने रैली निकाल कर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



हरदा स्थित राजपूत समाज धर्मशाला में निर्दोष बालिकाओं पर किए गए बलपूर्वक लाठीचार्ज की घटना के विरोध में शनिवार को राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष सहेंद्र सिंह के निर्देशन में तथा देवास जिला अध्यक्ष विशाल सिंह रघुवंशी 'चिंटू बना' के नेतृत्व में रैली निकाली गई। इस विरोध रैली में राजपूत समाज के साथ-साथ सर्व समाज के युवाओं ने भारी संख्या में भाग लिया।

रैली देवास जिला कलेक्टर कार्यालय तक पहुंची, जहां प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर को घटना की निष्पक्ष जांच एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर अनेक गणमान्य एवं समाजसेवी उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से रघुवीर सिंह बघेल, धर्मेंद्र सिंह बेस, भगवान सिंह चावड़ा, ईश्वर सिंह, गणेश पटेल, नवीन सोलंकी, दिलीप सिंह झाला, सुरेंद्र सिंह गौड़, तूफान सिंह सोलंकी, देवेंद्र सिंह खट्टंबा, चेतन दरबार (अमोना), युवराज सिंह बीसाखेड़ी, भगत सिंह सिसोदिया, सवाई सिंह (सोनकच्छ), अमित दरबार (सोनकच्छ), कुंवर बना (हॉट पिपलिया), पृथ्वीराज सिंह सिसोदिया, यश ठाकुर, युवराज सिंह जादौन, कल्याण सिंह बावड़िया, सौदान सिंह सहित बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे। राजपूत करणी सेना ने चेतावनी दी कि यदि दोषियों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो प्रदेशभर में उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### ग्राम पंचायत गोपीपुर अंतर्गत आदिवासी बाहुल्य ग्राम थलघेवरिया का मामला

# पंचायत के सहयोग से श्रमदान कर ग्रामीणों ने भरे मार्ग के गड्ढे





हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

ग्राम पंचायत गोपीपुर के अंतर्गत आने वाला आदिवासी बाहुल्य ग्राम थलघेवरिया का मार्ग बदहाल हो चुका है, लंबे समय से ग्रामीण इस मार्ग के पक्के निर्माण की मांग कर रहे हैं, लेकिन अभी तक किसी ने भी इस ओर ध्यान नहीं दिया। ग्राम कमलपुर से थलघेवरिया पहुंच मार्ग की लंबाई लगभग 5 किमी है, जो की ग्रेवल मार्ग बना हुआ है, जिसके कारण उक्त मार्ग बारिश के दिनों में बदहाल स्थिति में आ जाता है और गड्ढों में पानी भर जाने के कारण इस मार्ग से गुजरना काफी मुश्किल हो जाता है।

ग्रामीणों का कहना है कि बदहाल मार्ग के कारण स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए एंबुलेंस, जननी एक्सप्रेस व अन्य वाहन भी गांव तक नहीं पहुंच पाते हैं जिसको लेकर काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लंबे समय से पक्के निर्माण की मांग कर रहे हैं। जब जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा पाए तो ग्रामीणों ने बदहाल मार्ग को लेकर ग्राम पंचायत गोपीपुर के सरपंच सचिव से चर्चा कर अपने स्तर पर गड्ढों को भरने मूर्रम की व्यवस्था की गई। वहीं आर्थिक परेशानी के चलते ग्रामीणों ने भी निर्णय लिया कि पंचायत द्वारा जो मूर्रम मार्ग के गड्ढे भरने के लिए डाला जा रहा है, उसे हम मशीन का उपयोग ना करते हुए स्वयं ही श्रमदान कर गड्ढे भरेंगे और मार्ग को दुरुस्त करेंगे। हालांकि मुरम डालने के लिए सरपंच व ग्रामीणों ने राशि भी एकत्रित की है।गुरुवार के दिन सभी ग्रामीणों ने एकत्रित होकर पंचायत द्वारा मार्ग पर डाले गए मूर्रम को श्रमदान करते हुए सभी गड्ढों में भरकर मार्ग को दुरुस्त किया। युवा महिला पुरुष सभी ने एकजुट होकर मार्ग के गड्ढे भरने का कार्य किया।

हालांकि यह व्यवस्था भी अस्थाई है ग्रामीणों की अभी भी यही मांग है कि इस मार्ग को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में जोड़कर पक्का निर्माण किया जाए। अनारसिंह चौहान ने बताया कि विगत एक वर्ष से सभी ग्रामीण परेशान काफी थे। बारिश शुरू होते मार्ग से निकलना मुश्किल हो गया था। जिसके चलते सरपंच व ग्रामीणों ने कुछ राशि एकत्रित कर मुरम डलवाई है।

# आबकारी विभाग ने कार्रवाई कर 8 प्रकरण किए दर्ज



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार आबकारी विभाग द्वारा जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय एवं परिवहन करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। आबकारी की सयुंक्त टीम द्वारा शनिवार को अल सुबह देवास के प्रताप नगर, अंबेडकर नगर एवं ग्राम बरोठा में कार्रवाई की गई। जिसमे जमीन में गड़े लाहन को नष्ट किया गया तथा चलित भट्टियों को नष्ट किया गया। कार्रवाई में 50 पाव देशी मदिरा प्लेन 72 कैन बियर 40 लीटर अवैध 2100 किलों ग्राम महुआ लाहन जप्त किया गया। कार्रवाई में कुल 08 प्रकरण मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) के तहत दर्ज किए गए है,जप्त सामग्री का मूल्य लगभग 2 लाख 30 हजार रुपये है। कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक प्रेम यादव ,डी पी सिंह,दिनेश भार्गव,कैलाश जामोद आबकारी मुख्य आरक्षक राजाराम रैकवार, दीपक धुरिया,बालमुकुंद गौड़ आरक्षक अरविंद जिनवाल, बालकृष्ण जायसवाल, सनत ओझा,अरविंद जिनवाल, निकिता परमार आशीष, सुरेन्द्र, गीतेश सैनिक किशोर,अनिल चोहान, अनिल, केदार शर्मा सम्मिलित रहे, कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

## खबर संक्षेप



### अवैध गांजा समेत दबोचा गया बदमाश

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में एएसपी कालू सिंह एवं सीओ महरौनी आशीष मिश्रा के निकट पर्यवेक्षण में अवैध शराब/मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में थाना महरौनी पुलिस ने संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग में मुखबिर की सूचना पर चौकी खितवांस से 100 मीटर आगे ललितपुर की तरफ पुलिया के पास से ग्राम छपरट निवासी महादेव उर्फ करन पुत्र लाखन लोधी को एक मोटर साइकिल सहित हिरासत में लिया है। महादेव के कब्जे से एक पैकट में अवैध गांजा (995 ग्राम) बरामद हुआ। पुलिस ने महादेव के खिलाफ एनडीपीएस की धारा 8/20 के तहत एफआईआर पंजीकृत कर विवेचना शुरू कर दी। बदमाश को पकडऩे वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राजा दिनेश सिंह, उ.नि. निखिल मलिक, उ.नि. गुलाम फरीद, उ.नि.गम्भीर सिंह, हे.कां. राघवेन्द्र सिंह व कां. कुलदीप कुमार शामिल रहे।

### तहसील परिसर में लगा स्वास्थ्य शिविर

**ललितपुर।** तहसील परिसर में तहसील प्रशासन द्वारा एक निःशुल्क चिकित्सा परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में तहसील के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया और अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। स्वास्थ्य शिविर में उपस्थित विशेषज्ञ चिकित्सा दल द्वारा रक्तचाप,एवं अन्य सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किए गए। इसके साथ ही सभी कर्मचारियों को व्यक्तिगत स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी प्रदान किया गया। शिविर का सफल संचालन मुख्य चिकित्सा विभाग की टीम एवं तहसील प्रशासन के सहयोग से किया गया।

### ट्रैक्टर से दीवार गिराने व मारपीट का आरोप

**ललितपुर।** निकटवर्ती ग्राम सतरवांस निवासी सरोज राजा पत्नी गिन्नी राजा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 16 जुलाई की शाम करीब 6 बजे शक्ति राजा ने उसकी दीवाल में ट्रैक्टर मार दिया, जिससे उसकी दीवाल गिर गयी। विरोध करने पर शक्ति राजा, भगवान सिंह, भक्ति व रवि ने उसके साथ मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गयी। आरोप है कि उक्त लोगों ने गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### लड़की को फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते शुक्रवार को रात करीब 1.30 बजे उसकी 19 वर्षीय पुत्री को पड़ौस में रहने वाला अंश बाल्मीकि पुत्र ललित बाल्मीकि बहला-फुसलाते हुये गुमराह करके भगा ले गया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 87 के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

### महिला से मारपीट करने का आरोप

**ललितपुर।** मुख्यालय से समीपस्थ ग्राम मिर्चवारा निवासी सुमन कुर्मी पत्नी सरदार सिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीते 15 जुलाई की अपराह्न 12 बजे वह घर की दीवार के पास वर्तन साफ कर रही थी। तभी गांव के राजेन्द्र पुत्र स्व.मनोहर, मां लाड़ो, संजना पत्नी राजेन्द्र एकराय होकर आये और किसी बात को लेकर गालियां देते हुये उसके साथ मारपीट करने लगे। शोरगुल होने पर बचाव करने आयी उसकी पुत्री के साथ भी लात-घूसों से मारपीट कर दी। किसी प्रकार चंगुल से छूटकर वह घर के बाहर आयी तो उक्त लोग जान से मारने की धमकी देने लगे। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने तहसील महरौनी मे सुनी फरियाद

# संपूर्ण समाधान दिवस में पर शिकायतों का निस्तारण मौके पर कराया गया





### फरियादियों को उनकी समस्या के निस्तारण का दिलाया भरोसा व्यक्तिगत रुचि लेकर शिकायतों का निस्तारण के अधिकारियों को निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ललितपुर

जनपद की समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसके तहत जिलाधिकारी श्री अक्षय त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक ने तहसील महरौनी में जनसुनवाई की और फरियादियों को उनकी समस्या के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का भरोसा दिलाया। जिलाधिकारी ने फरियादियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शासन की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत पीढ़ति को त्वरित न्याय और सुगम निस्तारण की प्राथमिकता पर सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन समस्त तहसीलों में किया जा रहा है, जिले के आला अधिकारी स्वयं यहां उपस्थित होकर शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित करायेंगे। उन्होंने कई शिकायतों का सम्बंधित अधिकारियों से मौके पर ही निस्तारण कराया और शेष शिकायतों को सौंपते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि व्यक्तिगत रुचि लेकर जनशिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करायें, इसमें लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

#### संपूर्ण समाधान दिवस में ये शिकायतें प्राप्त हुईं

तहसील ललितपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 24 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व विभाग के 06, पुलिस के 02, विद्युत का 01 तथा अन्य विभागों के 15 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 05 प्रकरण का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील महरौनी में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 45 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 20, पुलिस विभाग के 06, विकास विभाग के 02, पूर्ति के 02, विद्युत के 05, चकबंदी का 01 तथा अन्य विभाग के 09 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 05 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील तालबेहट में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 97 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 29, विकास के 05, पुलिस के 16, पूर्ति के 32, विद्युत के 07, नगर पंचायत का 01 तथा पूर्ति के 07 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 08 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील मड़ावरा में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 16 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 03, पुलिस के 03, विकास के 03 तथा पूर्ति के 07 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 02 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील पाली में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 10 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 02, पुलिस के 05 तथा अन्य विभागों के 03 प्रार्थना पत्र शामिल है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद, उप जिलाधिकारी महरौनी मदनमोहन गुप्ता, सहित अधिकारी उपस्थित रहे।

## बरगद का पौधा लगाया

# नव निर्मित एकलव्य वन में पौधरोपण का शुभारंभ किया



**ललितपुर।** आदिवासियों वनवासियों के हितों के लिए संघर्ष करने वाले महान शहीद बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती पर सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने वृक्षारोपण कर बरगद और पाकड़ के पौधों का रोपण किया। उन्होंने प्रधानमंत्री के आह्वान पर हर व्यक्ति से कम से कम एक वृक्ष लगाने की अपील की। ललितपुर रेंज अंतर्गत शबरी ग्राम में आदिवासी महापुरुष बिरसा मुंडा की स्मृति में 20 हैक्टेयर क्षेत्रफल में बनाए जा रहे एकलव्य वन में वृक्षारोपण किया। विधायक के साथ ब्लॉक प्रमुख, मंडल अध्यक्ष, सुरेश कौन्तेय, क्षेत्रीय वनाधिकारी भोला प्रसाद सिंह, वन दारोगा राजनरायन, पुरुषोत्तम कुशवाहा, अनिल भटनागर सहित कई वन कर्मी उपस्थित रहे। उन्होंने सभी लोगों से कम से कम एक पौधा लगाने और दो वर्ष तक उसकी देखभाल करने की अपील की। रोपित पौधों की देखभाल का जिम्मा भी उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से उठाने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वह ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के बीच जाकर वन संरक्षण के लिए जनजागरुकता अभियान चलाएं ताकि उन्हें पेड़ों और वनों का महत्व पता चल सके। वन आधारित उत्पाद तेंदू पत्ती, अचार चिरौंजी, महुआ, बहेड़ा, आंवला जैसे पेड़ और जड़ी बूटियों से हमें रोजगार और आर्थिक मदद मिलती है। साथ ही साथ जहरीली कार्बन डाइऑक्साइड को सोखकर हमें प्राण वायु ऑक्सीजन देने का काम भी पेड़ पौधे करते हैं जो हमारे जीवन की सबसे बड़ी आवश्यकता है। वनों का हमारे जीवन में व्यावहारिकता के साथ साथ धार्मिक महत्व भी बताया गया है।इसलिए हम सबका नैतिक दायित्व भी है।

## स्कूल अपनाओ प्रोजेक्ट के तहत सेवा कार्यक्रम आयोजित

# दिगंबर जैन महिला परिषद ने बच्चों को दी स्टेशनरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महरौनी (ललितपुर)




अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद, सुर सुंदरी संभाग की शाखा महरौनी द्वारा स्कूल अपनाओ प्रोजेक्ट के तहत एक सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत स्थानीय प्राथमिक विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों को स्टेशनरी सामग्री और बिस्किट वितरित किए गए। कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था प्रांतीय चेयरपर्सन मीनल जैन गुड़ा के मार्गदर्शन में की गई। इस अवसर पर बच्चों ने कविताएं, देशभक्ति गीत और नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम में प्रांतीय जनसंपर्क अधिकारी रश्मि मलैया, प्रांतीय चेयरपर्सन सपना सिंघई, सहित परिषद की कई सदस्याएं मौजूद रहीं।विद्यालय की शिक्षिकाएँ अनिता, अनामिका, रूचि, ऋतिका, दृष्टि, रिहाना और नीलकमल समेत पूरा विद्यालय स्टाफ भी उपस्थित रहा और उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया। इस अवसर पर परिषद की शाखा अध्यक्ष आरती बुखारिया के साथ-साथ शाखा की सभी बहनों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।कार्यक्रम का आयोजन संभागीय अध्यक्ष केशर जैन और संभागीय सचिव सुभा जैन के मार्गदर्शन में हुआ।

# जिला पंचायत से जारी आरसी को तत्काल वापस लें

## व्यापारी नेताओं ने जिला पंचायत एएमए से वार्ता कर दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ललितपुर



जिला पंचायत में वर्ष 2016-17 के समाधान हो चुके संपत्ति एवं वैभव कर बकाया के संबंध मे कस्बा बार, बानपुर, तालबेहट, जखौरा, बिरधा, धौर्रा आदि कस्बों, तथा ग्रामीण क्षेत्रों के छोटे-छोटे व्यापारियों की जिला पंचायत ने आर सी जारी की गई । जिससे ग्रामीण क्षेत्र के व्यापारियों में भारी रोष व्याप्त है। इस संबंध में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रतिनिधि मंडल ने जिला पंचायत जाकर अपर मुख्य अधिकारी से भेंट की।

व्यापारियों ने कहा कि विभाग द्वारा जिस वर्ष की रिकवरी आरसी के माध्यम से जारी की गई है, उनका समाधान हो चुका था, उस वर्ष की आर.सी.जारी करना विधि विरुद्ध है, इसे वापस लिया जाना चाहिए। जिला पंचायत के अधिकारियों ने बताया कि ऑडिट ऑब्जेक्शन आने के कारण आर.सी. जारी की गई है, जिसके जवाब में व्यापार मंडल के प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि विभाग को विधि अनुसार पहले संबंधित व्यापारियों को नोटिस जारी करना चाहिए थे, जो जारी नहीं किए गए हैं, उन्हें वापिस लिया जाना चाहिए। प्रतिनिधि मंडल ने एडीएम, जिला पंचायत अध्यक्ष एवं सदस्य को जानकारी देकर समाधान कराए जाने की बात की। संगठन के स्पष्ट किया कि गलत तरीके से जारी की गई आर.सी. को अविलंब वापस लिया जाना चाहिए अगर आर.सी. के माध्यम से व्यापारियों को उत्पीडऩ कर परेशान किया गया और जबरन वसूली करने का प्रयास किया गया तो व्यापारी समाज बर्दाश्त नहीं करेगा।

## गुरुद्वारा साहिब में कार्यक्रम

# श्रद्धा भावना के साथ मनाया गुरु हरकिशन साहिब का प्रकाश पर्व



हरिभूमि न्यूज ⏭ललितपुर

श्री गुरुसिंह सभा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के तत्वावधान में गुरुद्वारा साहिब लक्ष्मीपुरा में श्री गुरु हरकिशन साहिबजी का प्रकाश पर्व श्रद्धा भावना के साथ मनाया गया। सहज पाठ साहिब की समाप्ति व लंगर की सेवा स्व.सरदार अवतार सिंह परिवार की ओर से हुई। वह गुरुद्वारा साहिब जी के दोनों निशान साहिबजी के चोले की सेवा स्व.सरदार गुरबचन सिंह हरविंदर सिंह सलूजा परिवार द्वारा हुई। मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दलजीत सिंह व प्रभजोत सिंहजी ने गुरबाणी कथा कीर्तन द्वारा संगत को निहाल किया।

अध्यक्ष ओंकार सिंह सलूजा ने कहा कि गुरु श्री हरकिशन की याद में दिल्ली का मशहूर गुरुद्वारा बंगला साहिब हैं, जब औरंगजेब ने उन्हें दिल्ली बुलाया था तब वह यहां रुके थे। कहा तो यह भी जाता है कि गुरु हरकिशन सिंहजी जब दिल्ली पहुंचे तो उस वक्त दिल्ली को चेचक महामारी ने घेर रखा था और गुरुजी ने इसी बंगले में लोगों का इलाज बंगले के अंदर के सरोवर के पवित्र पानी से किया था। जिसके बाद से ही इस बंगले को उनकी याद में गुरुद्वारा बंगला साहिब कर दिया गया। 8 साल की उम्र में ही अकाल पुरख में विलीन हो गये। मंत्री मंजीत सिंह सलूजा ने कहा कि अमृतसर में 30 मार्च 1964 को चेचक की बीमारी के कारण महज 8 वर्ष की आयु में सिखों के सबसे छोटे गुरु गुरु हरकिशन सिंहजी ने प्राण त्याग दए। उन्होंने अपने अंत समय में अपनी माता को अपने पास बुलाया और कहा कि उनका अंत अब निकट है। जब लोगों ने कहा कि अब गुरु गद्दी पर कौन बैठेगा तो उन्हें अपने उत्तराधिकारी के लिए केवल बाबा- बकाला का नाम लिया, जिसका अर्थ था कि उनका उत्तराधिकारी बकाला गांव में ढूंढा जाए। उनके उत्तराधकारी गुरु तेगबहादुर थे और उनका जन्म बकाला में हुआ था। इस दौरान अध्यक्ष ओंकार सिंह सलूजा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरविंदर सिंह सलूजा, मंत्री मनजीत सिंह सलूजा, कोषाध्यक्ष परमजीत सिंह छतवाल, गुरमुख सिंह, हरजीत सिंह, सतनाम सिंह, अरविंदर सिंह, जगजीत सिंह बॉबी, सतनाम सिंह, सुरजीत सिंह, आनंद सिंह, गौरव सिंह, अवतार सिंह, सोनू नामदेव, लल्लू महाराज, केदार सिंह आदि उपस्थित रहे। संचालन महामंत्री सुरजीत सिंह सलूजा ने किया।

# मेडीकल कॉलेज में महिला के दोनों कूल्हे का सफल प्रत्यारोपण किया

## दर्द से पीड़ित प्रधानाचार्य डॉक्टर टीम को दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ललितपुर




स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालयके ऑर्थोपेडिक सर्जन और उनकी टीम द्वारा दोनों कूल्हों का सफल प्रत्यारोपण करके एक गरीब महिला को दर्द मुक्ति दिलाने सफलता पाई मरीज श्रीमती हरकुआर पत्नी रूपसिंह ग्राम सतलिंगा महरौनी ललितपुर के दोनों कूल्हों का प्रत्यारोपड़ स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय ललितपुर में डा० मयंक कुमार शुक्ला, प्रधानाचार्य के निर्देशन में डा सौरभ साहू, सह आचार्य (अस्थि रोग विभाग) एवं उनकी टीम डा मनोज कुमार, सहायक आचार्य, डा० एम०सी० गुप्ता, परामर्शदाता, डा निर्भय नारायण सिंह, परामर्शदाता, डा० चेतन राज निश्चेतना विशेषज्ञ एवं डा कौशल बिजलानी, सहायक आचार्य के द्वारा सफलतापूर्वक किया गया।

मरीज हरकुंवर के दोनों कुल्हे एबीएन नामक बीमारी से ग्रस्त होकर सीवियर ऑटियों अर्थराइटिस में तब्दील हो गये थे, जिस कारण से मरीज को अत्याधिक दर्द एवं चलने फिरने में असमर्थता थी। इस जटिल बीमारी में प्रत्यारोपड़ कर मरीज को नया जीवनदान मिला है। अब वह अपने दोनों पैरों का सामान्य दिनचार्य में बिना किसी दर्द के प्रयोग कर पायेगी। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय ललितपुर में अस्थि रोग विभाग की टीम ने प्रधानाचार्य जी जो कि स्वयं अस्थि रोग विभाग के प्रोफेसर हैं, के निर्देशानुसार इस मरीज का जटिल ऑपरेशन जो एक घण्टे में सफलतापूर्वक सम्पन्न किया गया है। ऑपरेशन के उपरान्त मरीज अब अपने दोनों कूल्हे का प्रयोग करने में पूर्णतः सक्षम है।

उक्त मरीज का इलाज माननीय प्रधानमंत्री की आयुष्मान भारत योजना के तहत पूर्णतः निःशुल्क किया गया है। इस ऑपरेशन में प्राईवेट अस्पतालों में खर्चा अनुमानित तौर पर डेढ से ढाई लाख के बीच आता है परन्तु स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय ललितपुर में पूर्णतः निःशुल्क किया गया है। प्रधानाचार्य डा मयंक कुमार शुक्ला ने मरीज व उसके परिजानों से मुलाकात कर स्वास्थ्य लाभ की जानकारी ली।

## मुख्य अतिथि ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित किए

# सांसद खेल स्पर्धा 4.0 के खेल प्रतियोगिताओं के पुरस्कार बांटे







हरिभूमि न्यूज ⏭ललितपुर

सांसद, झॉसी-ललितपुर लोकसभा संसदीय क्षेत्र के निर्देशानुसार स्पोर्ट्स स्टेडियम ललितपुर में माह फरवरी, 2025 में आयोजित 'सांसद खेल स्पर्धा 4.0' खेलकूद प्रतियोगिता के अन्तर्गत जिला स्तरीय बालक / बालिकाओं की एथलेटिक्स, वॉलीबाल, कबड्डी, खो-खो, ऊँचीकूद, लम्बीकूद आदि की खेल प्रतियोगिताओं का पुरस्कार वितरण समारोह की अपरान्ह में मुख्य अतिथि अनुराग शर्मा, सांसद झॉसी-ललितपुर संसदीय क्षेत्र विशिष्ट अतिथि कैलाश नारायण निरंजन अध्यक्ष जिला पंचायत, दिनेश गोस्वामी प्रभारी सांसद कार्यालय, अजय पटैरिया क्षेत्रीय उपाध्यक्ष किसान मोर्चा, अशोक रावत पूर्व मा० ब्लॉक प्रमुख मड़ावरा, पंकज ताम्रकार, डॉ एस.पी. पाठक जिला प्रभारी बुन्देलखण्ड एकीकरण समिति के आतिथ्य में किया गया, जिसमें सर्वप्रथम मुख्य अतिथि द्वारा मों सरस्वती देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर नमन किया। तदोपरान्त मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथिगण को क्रीड़ा अधिकारी रेखा रावत, आशीष वर्मा व अन्य व्यायाम प्रशिक्षकों द्वारा बैज अंलकृत व माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर राकेश सिंह भदौरिया, देवेश तिवारी, रविन्द्र कुमार एथलेटिक्स प्रशिक्षक, अजरूद्दीन क्रिकेट प्रशिक्षक, अंकुर सहरावत तीरंदाजी प्रशिक्षक, सुनील आदि उपस्थित रहे। उक्त स्वागत कार्यक्रमोपरान्त मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथिगण द्वारा अपने आर्शिवधन से खिलाड़ियों व प्रशिक्षकों आदि को अभिसिंचित करते हुये अपने-अपने उत्कृष्ट खेल के प्रदर्शन हेतु प्रोत्साहित किया तथा ' सांसद खेल स्पर्धा 4.0' के अन्तर्गत आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेता / उपविजेता खिलाडियों को ट्रॉफी, प्रमाण-पत्र, मैडल व बैग प्रदान कर पुरस्कृत किया गया है। उक्त कार्यक्रम के तारतम्य में जनपद-ललितपुर की निवासी प्रतीक्षा यादव पुत्री सुरेश यादव, निवासी-ग्राम कैलोनी उदयपुरा, तहसील-महरौनी ने जनपद ही नहीं अपितु उत्तर प्रदेश का नाम गौरवान्वित करते हुये दिनांक 22 से 24 जून, 2025 तक प्रयागराज (उ०प्र०) में आयोजित 23वीं जूनियर नेशनल अण्डर-20 एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के अन्तर्गत 1500मी0 दौड़ व 800मी0 दौड़ स्पर्धा में 'स्वर्ण पदक' अर्जित करने फलस्वरूप मुख्य अतिथि महोदय द्वारा प्रोत्साहन स्वरूप 25,000 देने की घोषणा की गयी।

### पुलिस व अहिंसा वेलफेयर की टीम पहुंची कालीपीठ स्कूल

# बाल तस्करी, बालश्रम और नशे के दुष्प्रभावों पर बच्चों से किया संवाद



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

कालीपीठ हायर सेकंडरी स्कूल में मानव तस्करी, बाल तस्करी, बालश्रम और नशे के दुष्पपरिणामों को लेकर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस विभाग और अहिंसा वेलफेयर की टीम ने संवाद सत्र में विद्यार्थियों को समाज में बढ़ रही इन समस्याओं के प्रति सजग और जागरूक रहने का संदेश दिया गया।कार्यक्रम में कालीपीठ थाना प्रभारी जीतेंद्र अजनारे ने विद्यार्थियों संवाद करते हुए कहा कि नशा किसी भी रूप में शरीर और मन दोनों के लिए नुकसानदायक है। कई परिवार नशे की वजह से बर्बाद हो चुके हैं, इसलिए समाज के हर नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह इस बुराई के खिलाफ खड़ा हो। उन्होंने बच्चों को आश्वस्त किया कि पुलिस हर समय उनकी सहायता के लिए तत्पर है। यदि कोई व्यक्ति उन्हें नशे के लिए उकसाता है, या किसी भी प्रकार से परेशान करता है, तो वे निडर होकर पुलिस से संपर्क करें। थाना प्रभारी ने यह भी कहा कि पुलिस अब "चाइल्ड फ्रेंडली" है, और बच्चों की सुरक्षा उनकी प्राथमिकता है।

**परिवार और भविष्य को नष्ट कर देता है नशा**

अहिंसा टीम के मनीष दांगी ने संवाद के दौरान विद्यार्थियों से कहा कियदि मोहल्ले और गांव के युवा ठान लें कि उन्हें नशा मुक्त समाज बनाना है, तो अवश्य होगा। नशा युवाओं की ऊर्जा और भविष्य दोनों को बर्बाद कर देता है, इसलिए इसके खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाना जरूरी है। जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन परियोजना समन्वयक रजनी प्रजापति ने बाल तस्करी, बाल श्रम, बाल विवाह और बच्चों के अधिकारों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि यदि कोई बच्चा डर, शोषण या किसी अन्य संकट की स्थिति में है, तो अहिंसा वेलफेयर सोसायटी, पुलिस या जिला प्रशासन से संपर्क कर मदद ली जा सकती है। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों पर आधारित एक शॉर्ट फिल्म भी दिखाई गई।

## अवैध दवा संग्रहण पर छापामार कार्रवाई, भारी मात्रा में दवाएं जब्त



**सारंगपुर।** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन पर स्वास्थ्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सारंगपुर समीप ग्राम मऊ में स्थित मेसर्स बालाजी इंटरप्राइजेज से अवैध रूप से संग्रहित भारी मात्रा में सेक्स वर्धक दवाएं जब्त की हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल के मार्गदर्शन में औषधि निरीक्षक की टीम ने यह छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान प्रतिष्ठान संचालक मुकेश जाट के पास से कई प्रतिबंधित शक्तिवर्धक दवाएं बरामद की गईं। दवाओं का संग्रह बिना वैध लाइसेंस के किया जा रहा था, जो औषधि नियंत्रण अधिनियम का स्पष्ट उल्लंघन है। प्रशासन ने संबंधित प्रतिष्ठान के खिलाफ न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी इस प्रकार की अवैध दवा बिक्री एवं संग्रहण करने वालों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### करणी सैनिकों पर हुए लाठीचार्ज के प्रति जताया विरोध

# राजपूत सरदारों ने हरदा कलेक्टर व एसपी को हटाने की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़



विगत दिनों हरदा जिले में करणी सैनिकों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध स्वरूप जिले के अनेकों राजपूत सरदार शुक्रवार को मुख्यालय पर एकत्रित हुए। यहां सभी ने हरदा की घटना पर अपना तीखा विरोध जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम रत्नेश श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपते हुए हरदा कलेक्टर, एसपी सहित संबंधित अधिकारियों को हटाने सहित अन्य मांगे रखीं।

करणी सेना परिवार, राजपूत समाज, अभा क्षत्रिय महासभा के नेतृत्व में सौंपे गए इस ज्ञापन में हरदा मामले से जुड़े पूरे प्रकरण की न्यायिक जांच की मांग रखी गई। इसके साथ ही करणी सेना प्रमुख जीवन सिंह शेरपुर पर हमला करने वाले पुलिसकर्मियों पर हत्या के प्रयास की धाराओं में मुकदमा दर्ज करने, हरदा के छात्रावास में एवं आम नागरिकों के साथ की गई बर्बरता, वाहनों में तोड़फोड एवं शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे लोगों पर हमला करने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ भी कड़ी कार्यवाही मांग मुख्यमंत्री से रखी गई।

**निर्दोषों पर बनाए गए झूठे प्रकरणों का करें खात्मा**

*करणी सेना परिवार जिलाध्यक्ष मयंक प्रताप सिंह सहित अन्य राजपूत सरदारों ने प्रशासनिक अधिकारियों से मांग रखी कि पूरे प्रकरण में जिन निर्दोष व्यक्तियों पर झूठे प्रकरण दर्ज किए गए हैं केसों का अविलंब खात्मा करवाया जाए। इसके साथ ही हरदा के छात्रावास में घुसकर जिस तरह मारपीट की गई, ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, यह सुनिश्चित करने की मांग की गई। मुख्यमंत्री से संपूर्ण घटनाक्रम पर सज्ञान लेते हुए उचित एवं निष्पक्ष कार्यवाही की मांग रखी गई है।*



## आराधना नगर अध्यक्ष व कुलदीप सिंगी नगर मंत्री बने

**राजगढ़।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा राजगढ़ नगर की कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। कार्यकारिणी की घोषणा के साथ ही संगठन जिला संयोजक शुभम शर्मा एवं विभाग संयोजक अमन व्यास ने आगामी गतिविधियों की रूपरेखा भी साझा की। उन्होंने नवगठित कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं सदस्यों को शुभकामनाएं देते अपेक्षा की कि सभी युवा छात्रहित एवं सामाजिक सरोकारों को प्राथमिकता देते हुए अपनी सक्रिय भूमिका के साथ कार्य करेंगे। नवगठित कार्यकारिणी में आराधना यादव नगर अध्यक्ष, कुलदीप सिंगी नगर मंत्री, कपिल साहू, वंशिका दुगारिया, तुषार साहू, आकाश मेवाड़े, पंकज गुर्जर, युवराज तोमर को नगर सहमंत्री बनाया गया है। इसके साथ ही दशरथ तंवर, राजेश दांगी महाविद्यालय प्रमुख नितिज्ञ उरंकर एवं बुलबुल सेन विद्यालय प्रमुख, हर्ष गुर्जर को एसएफडी प्रमुख, कान्हा दांगी एसएफडी सहप्रमुख, सोनू दांगी एसएफएस प्रमुख, राष्ट्रीय कला मंच प्रमुख दीपिका मेवाड़े, खेलो भारत प्रमुख अदनान खान, खेल भारत सह-प्रमुख राजेश गुर्जर एवं बलराम मेवाड़े, सुनील वर्मा को क्रमशः छात्रावास प्रमुख एवं सह-प्रमुख बनाया गया है।

# तकनीकी मापदंडों की अनदेखी सड़क की गुणवत्ता पर उठे सवाल

### वार्ड 18 में 40 लाख की लागत से चल रहा निर्माण कार्य



**सारंगपुर।** नगर के वार्ड 18 जयनगर में करीब 40 लाख की लागत से बनाई जा रही सीसी सड़क पर वार्डवासियों ने निर्माण कार्य पर सवाल खड़े करते हुए मीडिया से कहा कि निर्माण एजेंसी ठेकेदार द्वारा गुणवत्ता निर्माण कार्य में अनियमितताओं के साथ तकनीकी मापदंडों का उल्लंघन करते हुए अमानक सामग्री का उपयोग चर्चाओं में है। क्षेत्रवासियों ने आरोप लगाए है कि निर्माण में मानकों की अनदेखी की जा रही है।

नागरिकों का कहना है कि जिस क्वालिटी की सीमेंट, रेत उपयोग में लाई जा रही है, वह निर्माण की मजबूती पर सवाल खड़े करते हैं। सड़क की मोटाई असंतोषजनक है। निर्माण स्थल पर न तो किसी प्रकार की तकनीकी निगरानी दिख रही है और न ही जिम्मेदार अधिकारियों की उपस्थिति। नपा प्रशासन द्वारा पारदर्शिता के नाम पर बड़े-बड़े दावे जरूर किए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इसके उलट है। लोगों ने मांग की है कि इस कार्य की जांच कर संबंधितों पर कार्रवाई की जाए और निर्माण कार्य को तत्काल प्रभाव से रोका जाए।

स्थानीय अधिकारियों से जब इस मामले में प्रतिक्रिया चाही गई तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। इस मामले में वार्ड के एक रहवासी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि हमारे क्षेत्र में घटिया सड़क बनाई जा रही है, बारिश में यह ज्यादा समय नहीं टिकेगी। जनता का पैसा यूं ही बहाया जा रहा है। नगर पालिका प्रशासन द्वारा निर्माण स्थल पर निरीक्षण दल भेजा जाए व गुणवत्ता की जांच कराई जाए।

**जांच की जाएगी...**

सीसी सड़क की थिकनेस कम करता है। ठेकेदार को पेमेंट कम कर देंगे, रही गुणवत्ता की बात तो जांच की जाएगी।

**विक्की ब्राह्मण, नपा इंजीनियर सारंगपुर**

# दुर्घटना में गंभीर घायल पुलिसकर्मी ने तोड़ा दम

### टोल नाके के समीप हुआ था एक्सीडेंट



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

गत 10 जुलाई को एनएच-52 पर टोल नाके के समीप ब्यावरा से अपनी बाइक पर आ रहे पुलिसकर्मी सतीश भटनागर को बाइक चलाने के दौरान अचानक चक्कर आ गए थे। इससे बाइक असंतुलित होकर नीचे गिर गई थी और भटनागर के सिर में गहरी चोंटे आई थीं। घटना के बाद अन्य पुलिसकर्मियों ने उन्हें निजी वाहन से राजगढ़ जिला चिकित्सालय पहुंचाया जहां से प्राथमिक इलाज उपरान्त उन्हें भोपाल रेफर कर दिया गया था। बीते एक हफ्ते से वे कोमा जैसी स्थिति में थे। शुक्रवार शाम अंततः इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। मृतक सतीश भटनागर शुरू से शांत और गंभीर प्रवृत्ति के थे। उनकी मृत्यु का समाचार मिलने पर नगर में शोक की लहर दौड़ गई। शुक्रवार शाम हुए उनके अंतिम संस्कार में पुलिस विभाग के अधिकारी, कर्मचारी सहित नगर के अनेकों प्रबुद्धजन शामिल हुए और श्रद्धांजलि अर्पित की।

**टोल एम्बुलेंस का डीजल रास्ते में हुआ था खत्म**

आपको बतादें कि 10 जुलाई को हुई उक्त दुर्घटना के उपरान्त भटनागर को जब टोल नाके की एम्बुलेंस से अस्पताल लाया जा रहा था, उस समय एम्बुलेंस का डीजल रास्ते में ही खत्म हो गया था। बाद में अन्य वाहन से उन्हें जिला अस्पताल भिजवाने की व्यवस्था करवाई गई थी।

### बुद्धि बढ़ाने की वैज्ञानिक विधि, व्यक्तित्व विकास व योग के विषय पर बच्चों को दी जानकारी

# विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से चलाया अभियान



**कुरावर।** शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री परिवार कुरावर के माध्यम से नगर के प्रतिष्ठित विद्यालयों के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में सीएम राइस स्कूल, डायनेमिक पब्लिक स्कूल, वैभव कॉन्वेंट स्कूल, कृष्णा हाइट पब्लिक स्कूल एवं होली एंजिल्स स्कूल में विगत दिनों कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इन विशिष्ट कार्यक्रमों में देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार में उच्च शिक्षारत कुमारी चेतना राठौर द्वारा बुद्धि बढ़ाने की वैज्ञानिक विधि, व्यक्तित्व विकास एवं योग के विषय पर बच्चों को विस्तार से जानकारी दी गई। बच्चों को भारतीय संस्कृति संस्कार एवं मानसिक, बौद्धिक विकास के वैज्ञानिक विधि के संबंध में अवगत कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री शक्तिपीठ कुरावर के वरिष्ठ परिजन गणेश माहेश्वरी, भारत सिंह राठौर एवं वेद प्रकाश राठौर द्वारा अखिल विश्व गायत्री परिवार तथा देव संस्कृति विश्वविद्यालय द्वारा संचालित गतिविधियों एवं आचार्य श्रीराम शर्मा के विचारों के परिचय के साथ हुआ। सभी विद्यालयों के शिक्षक गण एवं विद्यार्थियों द्वारा कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भागीदारी की गई।

## पटेल पार्क के पीछे गिरी दीवाल, नपाध्यक्ष ने तुरंत की कार्रवाई

**अशोकनगर।** नगर के पटेल पार्क क्षेत्र के पीछे स्थित लगभग 70 फीट लंबी सुरक्षा दीवार शुक्रवार को सुबह से हो रही भारी वर्षा के कारण गिर गई। जिसकी जानकारी मिलते ही नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मानोरिया ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनोद उन्नीतान एवं परिषद के सदस्यों के साथ मौके पर पहुँचकर गिरी हुई दीवाल और उक्त स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष मानोरिया ने क्षेत्रवासियों से चर्चा करते हुए उन्हें आश्वस्त किया कि जल्द ही दीवार के पुनर्निर्माण करवाये जाने के लिए संबंधित ठेकेदार को निर्देश दिए। ताकि नगर की सुरक्षा एवं नागरिकों की सुविधा सुनिश्चित की जा सके। मानोरिया ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में किसी प्रकार की ढिलाई नहीं होनी चाहिए। तथा कार्य शीघ्रता से पूर्ण किया जाए। नगर पालिका परिषद अशोकनगर नागरिकों की सुरक्षा, सुविधा एवं संरचनात्मक मजबूती के प्रति पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है और किसी भी आपदा या असुविधा की स्थिति में त्वरित कार्यवाही की नीति पर कार्य किया जा रहा है।

# जवाहर नवोदय विद्यालय में वॉलीबॉल रीजनल मीट का समापन समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ कालापीपल





पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय अरनिया कला में आयोजित वॉलीबॉल रीजनल मीट 2025 का समापन समारोह संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में उड़ीसा, मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्लस्टरों से आए हुए 260 प्रतिभागी खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि संतोष टैगोर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला जनपद शाजापुर रहे। उन्होंने खिलाड़ियों के जोश, अनुशासन और समर्पण की सराहना करते हुए विद्यालय परिवार को सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। समारोह में विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार राजे द्वारा वॉलीबॉल प्रतियोगिता का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। प्रतियोगिता के सफल संचालन में खेल शिक्षक दिनेश कुशवाह एवं कीर्ति राय ने अहम भूमिका निभाई। इस अवसर पर उड़ीसा की छात्राओं द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। अतिथियों का स्वागत मिथिलेश कुमार, बीएल सिंह ने किया।

# नगर परिषद ने विभिन्न निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन



**जीरापुर।** मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना योजना चतुर्थ चरण अंतर्गत नगर परिषद द्वारा विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया गया। विधायक हजारीलाल दांगी के मुख्य आतिथ्य में नगर में लगभग 155 लाख की लागत से होने वाले सीसी रोड निर्माण कार्यों का भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित हुआ। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि विधायक हजारीलाल दांगी ,भाजपा जिला उपाध्यक्ष बलराम टांक , नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह ,लखन तोमर ,हेमंत जोशी सहित उपस्थित जनप्रतिनिधि सहित परिषद सदस्यों का नगर परिषद सीएमओ हरीओम शर्मा ने फूल माला पहनाकर साफा बांधकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात पंडित नंदकिशोर शर्मा ने विधि विधान से मंत्रोच्चारण करके खिलचीपुर नाके के समीप भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न करवाया। इस भूमि पूजन के तहत नगर के वार्ड क्रमांक 2 से 15 तक नगर के विभिन्न गली मोहल्लों , कॉलोनी में सीसी रोड निर्माण कार्य होगा। जिससे शहर के रोड व गलियां सुंदर होकर गड्ढे मुक्त हो जाएगी। विधायक दांगी ने कहा कि नगर व क्षेत्र में आगे भी इसी प्रकार विकास कार्य होते रहेंगे तथा इन विकास कार्यों में राशि की कमी नहीं आने दी जाएगी ऐसा उन्होंने भरोसा दिलाया। हमेशा मुलभुत सुविधाओं को ध्यान में रखकर नगर में विकास कार्य कराए जा रहे हैं। साथ ही उन्होंने परिषद सदस्यों और उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों से भी आह्वान किया कि यह नगर हमारा है और हम सबका कर्तव्य की हम अपने नगर का मिलजुल कर विकास करें और इसमें सभी तन मन से सहयोग प्रदान करें। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न करने की हिदायत भी दी। कार्यक्रम में हनुमान पाटीदार, शिवचरण मण्डलोई , मुकेश पुष्पद, बंकट माहेश्वरी,कमल झावा, गिरिराज जुलानया, कुशल कुशवाह, पूरीलाल दांगी शंभू लाल, वर्मा सुनील हिंडोनिया मनोहर बरेठा जनपद सदस्य कुशाल मंडलोई, श्याम टेलर आदि गणमान्य नागरिक सहित नगर परिषद मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिओम शर्मा, रमेशचंद्र नाथ, देवनारायण दांगी, ओंकार मंडलोई, कमल भावसार, भगवान सिंह परिहार परिषद कर्मचारी उपस्थित रहे। संचालन कमल भावसार ने किया तथा हेमंत जोशी ने आभार व्यक्त किया।

### परिवारों को संस्कारवान बनाने पर दिया जोर

# प्रवचन के साथ गुरु पूजन और पादुका पूजन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

अखंड परमधाम आश्रम ब्यावरा में राष्ट्रीय संत महामंडलेश्वर परमानंद महाराज का आगमन हुआ। शुक्रवार को उनके प्रवचन के साथ गुरु पूजन और पादुका पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। परमानंद महाराज ने अपने प्रवचन में आत्मा की पवित्रता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जैसे आकाश कभी गंदा नहीं होता, वैसे ही हमारी आत्मा भी पवित्र है। उन्होंने लोगों को बुराइयों से दूर रहने और एक-दूसरे से प्रेमपूर्ण व्यवहार करने की सीख दी। महाराज ने भारत के इतिहास का जिक्र करते हुए अंग्रेजों की फूट डालो और राज करो की नीति का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि मन को पवित्र रखना और सद्व्यवहार ही देश के विकास का मार्ग है। उन्होंने ईश्वर के प्रति समर्पण और सामाजिक एकता पर भी बल दिया। बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में श्रद्धालु पादुका पूजन में शामिल हुए।



कार्यक्रम में राज्य मंत्री नारायण सिंह पवार, सांसद रोडमल नागर, पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी, पुरुषोत्तम दांगी और भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष दिलवर यादव सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

**ब्रह्मज्ञानी के दर्शन से मिलता है पुण्यः** गुरु पूजन कार्यक्रम के दौरान महामंडलेश्वर स्वामी ज्योतिर्मयानंद जी महाराज ने कहा कि सारे तीर्थ घूमने से जो पुण्य प्राप्त होता है वही पुन्य ब्रम्ह ज्ञानी के दर्शन से मिलता है। इसलिए मनुष्य के जीवन में साधु संतों का सत्कार और उनका सम्मान करना चाहिए। उन्होंने गुरु की महिमा बताते हुए कहा कि गुरु का स्थान भगवान से भी ऊपर होता है। शास्त्रों में कहा गया है की भले ही भगवान की शरण छोड़ो, लेकिन गुरु की शरण कभी नहीं छोड़ना चाहिए। वही आपको भगवान तक लेकर जाएंगे।

**परिवार को संस्कारवान बनाने का आह्वान किया :**उन्होंने कहा कि आज के युग में चरित्र निर्माण की आवश्यकता है। बच्चों के चरित्र का शोधन करो। उन्हें स्वधर्म पर चलना सिखाइए। ताकि कोई छांगुर बाबा उनको छल नहीं सके। उन्होंने यूपी के धर्मांतरण करने वाले छांगुर बाबा का उदाहरण दिया और कहा कि स्वयं को ऐसे बाबाओं और अपने बेटे बेटियों को बचाना चाहिए। उन्होंने कहा जो धर्म की रक्षा नहीं करता, धर्म उसकी रक्षा नहीं करता। अपने धर्म को बड़ा बनाओ, राष्ट्रवादी बनो। उन्होंने धनवान लोगों से आह्वान किया हमारा धन शोषित, वंचित, पिछड़े समाज में लगे इसका विचार करना चाहिए।

### आरोपी सोने की अंगूठी और 5 हजार लूटकर फरार हो गए थे

# आगरा के 4 लुटेरों ने बीना के युवक को लूटा, पुलिस ने 4 घंटे में गिरफ्तार किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



शहर में हुई एक लूट की वारदात को कोतवाली पुलिस ने महज 4 घंटे के भीतर सुलझाते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में लूटी गई सोने की अंगूठी, 4,000 नकद राशि और वारदात में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिलों सहित कुल 2.34 लाख का मशरूका बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार, फरियादी राजेश पुत्र नारायण प्रसाद राय, निवासी बीना जिला सागर हाल निवासी तलैया मोहल्ला गुना ने 17 जुलाई को कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि सुबह जयस्तंभ चौराहा से हनुमान चौराहा की ओर जाते समय, जैसे ही वह पटेरिया भोजनालय के पास पहुँचा, तभी दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार अज्ञात बदमाशों ने उसे रोका। आरोपियों ने उसकी उंगली में पहनी सोने की अंगूठी और जेब में रखे 5,000 लूट लिए और वहां से फरार हो गए।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के निर्देश पर एएसपी मानसिंह ठाकुर और सीएसपी प्रियंका मिश्रा के मार्गदर्शन में कोतवाली थाना प्रभारी सी.पी.एस. चौहान के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने सबसे पहले घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। कंट्रोल रूम से प्राप्त फुटेज में दो मोटरसाइकिलों पर चार संदिग्ध युवक नजर आए, जिन्हें फरियादी ने पहचान लिया। इसके बाद पुलिस टीम ने अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया और फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर ली। मुखबिर से सूचना मिली कि चारों आरोपी गादेर की ओर मोटरसाइकिलों से जाते देखे गए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल रवाना हुई और गादेर घाटी क्षेत्र में चारों संदिग्धों को मोटरसाइकिल से भागते हुए देखा गया। पुलिस ने पीछा कर घेराबंदी करते हुए सभी को पकड़ लिया।

पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम मनोज कुमार जोगी पिता बच्चनलाल जोगी (48), रोहित गोस्वामी पिता राजेश गोस्वामी (23), दीपक गोस्वामी पिता गंगाराम गोस्वामी (27) एवं राजेश जोगी पिता राधेश्याम जोगी (36) सभी निवासी शाहगंज, आगरा (उत्तर प्रदेश) बताए। सभी आरोपियों ने लूट की वारदात करना स्वीकार किया। पुलिस ने उनके कब्जे से लूटी गई सोने की अंगूठी, 4,000 नकद और वारदात में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिलें (कीमत 1.70 लाख) बरामद कीं। आरोपियों ने बताया कि 1,000 उन्होंने खाने-पीने में खर्च कर दिए हैं।